प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

19 जनवरी 2021

रिज़र्व बैंक ने 2020 की घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) की सूची जारी की

एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक की पहचान 2018 के डी-एसआईबी की सूची के समान बकेटिंग संरचना के तहत घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) के रूप में की गई है। डी-एसआईबी के लिए अतिरिक्त कॉमन इक्विटी टियर1 (सीईटी1) की अपेक्षाएं 1 अप्रैल 2016 से पहले ही चरणबद्ध हो चुकी है और 1 अप्रैल 2019 से पूर्ण रूप से प्रभावी है। अतिरिक्त सीईटी1 की अपेक्षाएं पूंजी संरक्षण बफर के अलावा होगी।

डी-एसआईबी की अद्यतन सूची इस प्रकार है -

बकैट	बैंक	जोखिम भारित आस्तियों (आरडब्ल्यूए) के प्रतिशत के रूप में अतिरिक्त सामान्य इक्विटी टियर 1 अपेक्षाएं
5	-	1%
4	-	0.80%
3	भारतीय स्टेट बैंक	0.60%
2	-	0.40%
1	आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक	0.20%

पृष्ठभूमि :

रिज़र्व बैंक ने 22 जुलाई 2014 को घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) से निपटने के लिए रूपरेखा जारी की थी। डी-एसआईबी ढांचे के लिए रिज़र्व बैंक को 2015 से शुरू होने वाले डी-एसआईबी के रूप में नामित बैंकों के नामों को प्रकट करने की आवश्यकता है और इन बैंकों को उनके प्रणालीगत महत्व के स्कोर (एसआईएस) के आधार पर उपयुक्त बकेट में रखना है। बकेट के आधार पर जिसमें डी-एसआईबी को रखा गया है, एक अतिरिक्त सामान्य इक्विटी अपेक्षा को इसके लिए लागू किया जाना है। यदि भारत में एक विदेशी बैंक की शाखा एक वैश्विक प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक (जी-एसआईबी) के रूप में स्थित है, तो इसे भारत में उसकी जोखिम भारित आस्तियों के अनुपात में जी-एसआईबी के रूप में लागू, अतिरिक्त सीईटी1 कैपिटल सरचार्ज को मेंटेंन करना है,अर्थात भारत में गृह नियामक द्वारा निर्धारित अतिरिक्त सीईटी1 बफर गुणा समेकित वैश्विक समूह बुक्स के अनुसार भारत में आरडब्ल्यूए (राशि) विभाजित कुल समेकित वैश्विक समूह आरडब्ल्यूए मेंटेंन करना है।

31 मार्च 2015 और 31 मार्च 2016 को डी-एसआईबी ढांचे और बैंकों से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने क्रमशः 31 अगस्त 2015 और 25 अगस्त 2016 को भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को डी-एसआईबी घोषित किया था। 31 मार्च 2017 और 31 मार्च 2018 तक बैंकों से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने क्रमश: 04 सितंबर 2017 और 14 मार्च 2019 को भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को डी-एसआईबी घोषित किया था। यह अद्यतन जानकारी 31 मार्च 2020 तक बैंकों से एकत्र वर्तमान आंकड़ों पर आधारित है।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/968

मुख्य महाप्रबंधक